तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व अपील संख्याः 02/2024	नम्बर व तारिख अहकाम जो हुक्म की तामिलमें जारी हुए
03.01.2025	अपीलार्थी खेतसिंह व अपीलार्थी के वकील ने आज एक प्रार्थना पत्र मिसल तलबी हेतु प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि इस प्रकरण में पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है, इसलिये अपीलार्थी इस प्रकरण को आज ही विड्रो करना चाहता है, इसलिये प्रकरण की मिसल आज ही न्यायालय में तलब कर विड्रो के जरिये निस्तारण के आदेश पारित किये जावे। जिस पर पत्रावली आज ही न्यायालय में तलब कर तारीख पेशी में ली गई। अपीलार्थी खेतसिंह व अपीलार्थी के वकील उपस्थित। प्रत्यर्थी संख्या 1 व 2 के वकील उपस्थित। पेरोकार सरकार उपस्थित। अपीलार्थी खेतसिंह व अपीलार्थी के वकील ने एक और प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर यह अनुरोध किया कि इस प्रकरण में पक्षकारान के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है व अपीलार्थी प्रकरण में कोई कार्यवाही नही करना चाहता है और इस अपील को विड्रॉ करना चाहता है, इसलिये अपील को जरिये विड्रॉ निस्तारित करने का आदेश पारित किया जावे। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। चूंकि पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने से अपीलार्थी इस अपील को आगे नही चलाना चाहता है व अपीलार्थी द्वारा इस अपील को विड्रॉ (Withdraw) किया गया है। अतः अपीलार्थी द्वारा इस अपील को विड्रॉ (Withdraw) किये जाने से अपीलार्थी की अपील को इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। निर्णय सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। अति. जिला कलक्टर सिरोही (राज.)	

पक्षकारान के मध्य राजीनामा होने से यह अपील (withdraw) विड्रॉ की जाती है।

खेतसिंह
(खेतसिंह)